100 Years 1920-2020
University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007 (U.P.) India

परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examinations

Ref. No. 143/21
Date 07.06.2021

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त सहयुक्त महाविद्यालय
लखनऊ।

महोदय / महोदया,

कृपया माननीय कुलाधिपति कार्यालय के आदेश पत्रांक संख्या ई0 3493 / 32–जी.एस. / बैठक–2021 दिनांक 04.06.2021 के अनुपालन में अवगत कराना है कि:

1. भविष्य में प्रत्येक वर्ष यह सुनिश्चित किया जाये कि सभी छात्रों को देय डिग्री / उपाधि का वितरण दीक्षान्त के उपरान्त बिना किसी बिलम्ब के वितरित कर दिया जाय।
2. आपके महाविद्यालय की विगत वर्ष की जो उपाधियॉ लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आपकों उपलब्ध करायी जा चुकी है, ऐसी समस्त उपाधियों को अपने कार्यालय अभिलेखों में दिये गये छात्रों के स्थायी पते पर डाक द्वारा भेजकर कर उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे सभी छात्रों को उनकी उपाधियॉ प्राप्त हो सकें।
3. भविष्य में यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रवेश / परीक्षा के आवेदन के समय अनिवार्य रूप से उपाधि आदि प्रपत्र उपलब्ध कराये जाने हेतु स्थायी पता यथा प्रथम नाम, मध्य नाम, अन्तिम नाम, मकान नम्बर, मार्ग, मोहल्ला / गॉव / कस्बा, विकासखण्ड / थाना / तहसील, जनपद, प्रदेश, पिन आदि अनिवार्य रूप से अंकित कराया जाये, जिससे छात्रों को दीक्षान्त के उपरान्त उनकी उपाधि आदि उनको उपलब्ध करायी जा सकें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से प्राथमिकता के आधार सुनिश्चित करते हुए, उसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(Saxena)
परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय

**संलग्नकः** उपरोक्तानुसार।
**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः** उपरोक्त।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव।
3. उपकुलसचिव परीक्षा।
4. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

**परीक्षा नियंत्रक**
**लखनऊ विश्वविद्यालय।**